>

Title: Need for effective implementation of Prime Minister's Vidarbha Package in Vidarbha Region of Maharashtra.

श्री हरिभाऊ राठौड़ (यवतमाल): अध्यक्ष महोदय, विदर्भ में गत वर्ष माननीय प्रधान मंत्री जी ने एक पैकेज दिया था ...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : आप लोग सुनिये, बहुत इम्पार्टेन्ट मैटर है।

श्री हरिभाऊ राठौड़ : माननीय प्रधान मंत्री जी द्वारा विदर्भ के किसानों को राहत देने के लिए 3750 करोड़ रुपये का पैकेज दिया गया था। वहां जो किसान आत्महत्याएं कर रहे हैं, उन्हें ऐसा करने से रोकने के लिए यह पैकेज दिया गया था। लेकिन एक वर्ष बीत गया है और किसानों द्वारा की जाने वाली आत्महत्याएं घटने के बजाय बढ़ रही हैं[b13]

* Not recorded

महोदय, जो इम्पलीमेंटेशन होना था, पैकेज का गलत इम्पलीमेंटेशन हुआ है। जो पैसा किसानों के लिए देना था, वह किसानों को न देते हुए कांग्रेस वालों ने ऐसी प्लानिंग की कि जो कोआपरेटिव बैंक है, उनके पास 900 करोड़ रुपया पैसा गया है। इसमें यह भी प्रावधान था कि 13 जून 2006 तक का जो शेष लोन है, उसे पांच इंस्टॉलमेंट में करना था और दो साल का मेडिटरिनीयन पीरिएड भी गया था लेकिन बैंकों ने वह भी नहीं दिया। नया रूप देते हुए आउटस्टैंडिंग लोन को भी रिकवर कर लिया। यह फायदा भी किसानों को नहीं मिला। यह पैसा भी बैंकों के पास गया, उनकी तिजोरी में गया है।

जो पैसा उनको ब्याज पर देना था, वह न देते हुए उनको वस्तु के रूप में दिया और जो बीज नहीं चाहिए, वह राज्य सरकार ने खरीदी थी। इसमें लाखों-करोड़ों रुपये का भ्रष्टाचार हुआ है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : इतने डिटेल्स में देने का समय नही है।

श्री हरिभाऊ राठौड़ : अध्यक्ष महोदय, ये डिटेल जरूरी हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : नहीं, अभी समय नहीं है। दूसरा एक और मौका लीजिए।

...(व्यवधान)

श्री हरिभाऊ राठौड़ : अध्यक्ष जी, क्योंकि यह जो पैसा दिया गया था,...(व्यवधान) यह मामला बहुत संवेदनशील है लेकिन महाराष्ट्र सरकार इसमें पूरी तरह से असफल रही है।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : हमने फार्मर्स के इश्यू को अलाउ किया है। उस बहस में आप बोलिएगा।

श्री हरिभाऊ राठौड़ : सर, अभी हमारी मांग यह है कि यहां रेलवे का जो डैवलपमेंट नहीं हुआ है, लालू जी भी यहां बैठे हैं।...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : ठीक है, बस हो गया।

श्री हरिभाऊ राठौड़ : सर, लालू जी भी यहां बैठे हैं। वह भी सुन रहे होंगे कि उन्होंने राज्य सरकार से 230 करोड़ रुपया शेष मांगा है और हमने माननीय प्रधान मंत्री जी को लिखा है कि पैकेज में 230 करोड़ रुपया दे दीजिए।...(व्यवधान)

MR. SPEAKER: Thank you. Do not misuse the opportunity.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Nothing is being recorded.

*(Interruptions) â€¦**

---

* Not recorded

अध्यक्ष महोदय : आपका मुद्दा था। हमने आपको मौका दिया है। उसके लिए इतना लम्बा भाषण नहीं चलेगा।

...(व्यवधान)

अध्यक्ष महोदय : नहीं, सुझाव छोड़िए। बैठ जाइए। आपका कुछ रिकार्ड नहीं हो रहा है।

...(व्यवधान)